# कार्यालय पुलिस अधीक्षक जनपद गाजीपुर।

**पत्रसंख्या- सो0मी0- स0कार्य/2022** **दिनांक 31/10/2025**

**सेवा में,**

**पुलिस उपाधीक्षक/स्टॉफ ऑफिसर**
**अपर पुलिस महानिदेशक,**
**वाराणसी जोन, वाराणसी, उ0प्र0।**

कृपया पत्र संख्याः41/छः-पु-3/2020,दिनांकः04/06/2020 का (छायाप्रति संलग्न) के परिपेक्ष्य में आप अपने पत्र संख्या सोशल मीडिया-(18/2020 का अवलोकन करें, जो पुलिस विभाग एवं उसकी अन्य इकाईयों द्वारा किये जाने वाले सराहनीय कार्यों एवं विशिष्ट उपलब्धियों का प्रचार-प्रसार किये जाने विषयक है।

कृपया

उक्त के संबंध में सादर अवगत कराना है कि जनपद गाजीपुर के पुलिस कर्मियों द्वारा उत्कृष्ट/सराहनीय कार्य के संबंध में **दिनांक 30.10.2025** की संबंधित सूचना निम्नवत् है-

**01. स्वाट टीम व थाना मुहम्मदाबाद पुलिस टीम द्वारा अंतरप्रदेशीय शातिर वाहन चोर पुलिस मुठभेड़ में घायल/गिरफ्तार जिनके कब्जे से 01अदद अवैध तमंचा .315 बोर, 01अदद खोखा कारतूस, 01 अदद जिंदा कारतूस व 01 अदद बोलेरो चोरी की बरामद किया गया।**

दिनांक 30.10.2025 को मिशन शक्ति 5.0 व आगामी त्यौहार के दृष्टिगत अपराध एवम् अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत प्रभारी स्वाट मय टीम व प्रभारी निरीक्षक मुहम्मदाबाद मय टीम सलेमपुर मोड़ पर संदिग्ध व्यक्तियों वाहनों की चेकिंग कर रहे थे कि मुखबिर खास से सूचना प्राप्त हुई कि चोरी की बोलेरो चितबड़ागांव जनपद बलिया की तरफ से गाजीपुर की तरफ जाएगी, अगर जल्दी किया जाए तो पकड़ा जा सकता है, इस सूचना को सत्यापन करने के लिए प्रभारी स्वाट टीम व प्रभारी निरीक्षक मुहम्मदाबाद मय टीम द्वारा रघुवरगंज मोड के पास रोकने का प्रयास किया गया तो चालक द्वारा पुलिस की गाडी देखकर गाडी मोडकर भागने का प्रयास किया जाने लगा, पुनः गाडी मोडकर भागने के प्रयास मे असफल होने पर बदमाशो द्वारा नसरतपुर मोड पुलिया के पास पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से निशाना लगाकर पुलिस टीम पर फायर किया जाने लगा, पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ में संतुलित फायरिंग की गयी तो 01 बदमाश के बाये पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया। जिसे तत्काल मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए सीएचसी मुहम्मदाबाद गाजीपुर उपचार हेतु भेजा गया व 01 अन्य बदमाश मौके से गिरफ्तार किया गया तथा अन्धेरे का फायदा उठाकर 01 अन्य बदमाश मौके से भागने मे सफल रहा। पुलिस मुठभेड़ एवं बरामदगी के संबंध में अभियोग पंजीकृत कर वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**नाम पता घायल /गिरफ़्तार अभियुक्तगण-**

1. आरजू कुरैशी पुत्र एकराम कुरैशी निवासी ग्राम डुमरी थाना दुर्गावती जिला कैमूर भभुआ बिहार उम्र 20 वर्ष (घायल/गिरफ्तार)

2. मु0 नसीम शाह पुत्र रूस्तम शाह निवासी ग्राम डुमरी थाना दुर्गावती जिला कैमूर भभुआ बिहार उम्र 21 वर्ष (गिरफ्तार)

**बरामदगी -**

1. 01अदद अवैध तमंचा .315 बोर
2. 01 अदद खोखा कारतूस .315 बोर
3. 01 अदद जिंदा कारतूस . 315बोर
4. 01 अदद बोलेरो

**<u>2. थाना भांवरकोल पुलिस टीम द्वारा 35 पेटी ब्लू लाइम प्रत्येक 200 एमएल टैट्रा पैक (1575 पाउच) मात्रा 315 ली0 अवैध शराब (कीमत लगभग 01 लाख 16 हजार रू) के साथ 01 नफर अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।</u>**

अपराध एवं अपराधियों व अवैध शराब/ मादक पदार्थो की बिक्री ,तस्करी व परिवाहन के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना भांवरकोल पुलिस टीम के उ0नि0 श्याम सिंह मय हमराह द्वारा चेकिंग के दौरान पखनपुरा पुलिया से 01 नफर अभियुक्त 1.सतेन्द्र राय पुत्र राममोहन राय नि0 ग्राम मनिया थाना भावरकोल जनपद गाजीपुर को तीन पहिया वाहन संख्या UP61AT624 से 35 पेटी ब्लू लाइम प्रत्येक 200एमएल टैट्रा पैक (1575 पाउच) मात्रा 315 ली0 शराब का परिवाहन करते हुए हिरासत पुलिस मे लिया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त के विरूद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तारशुदा अभियुक्त का नाम व पता–**

1. सतेन्द्र राय पुत्र राममोहन राय नि0 ग्राम मनिया थाना भावरकोल जनपद गाजीपुर उम्र-45 वर्ष

**आपराधिक इतिहास-**

1. मु0अ0सं0 237/2025 धारा- 60/72 आबकारी अधि0 थाना भावरकोल गाजीपुर

**बरामदगी** - 35 पेटी ब्लू लाइम प्रत्येक 200 एमएल टैट्रा पैक (1575 पाउच) मात्रा 315 ली0 अवैध शराब (कीमत लगभग 01 लाख 16 हजार रू)

**पुलिस अधीक्षक**
**गाजीपुर**